भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2858

मंगलवार, दिनांक 17 मार्च, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

सौर ऊर्जा आधारित नौकाओं को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय नीति एवं अनुसंधान प्रयास

2858 श्री गोविंदभाई लालजी भाई धोलकिया:

क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राज्य सरकारों के सहयोग से मछली पकड़ने, यात्री परिवहन और पर्यटन के लिए सौर ऊर्जा चालित नौकाओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु कोई योजना बनाने पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार सौर नौकाओं के लिए अनुसंधान और विकास को सुदृढ़ करने हेतु अनुसंधान संस्थानों और उद्योग के साथ सहयोग कर रही है और क्या स्वदेशी तकनीक विकास के क्षेत्र में परीक्षण किया जा रहा है; और

(ग) यदि हां, तो इस क्षेत्र में अब तक प्राप्त प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क), (ख) और (ग) नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) मछली पकड़ने, यात्री परिवहन और पर्यटन के लिए सौर-ऊर्जा चालित नावों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु कोई योजना लागू नहीं कर रहा है। तथापि, एमएनआरई के तत्वाधान में एक स्वायत्त संस्थान, राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (नाइस) मछली पकड़ने के लिए उपयोग की जाने वाली नावों सहित सौरीकृत नावों के उपयोग की व्यवहार्यता पर अध्ययन कर रहा है।

नाइस ने पायलट परियोजना के कार्यान्वयन और परीक्षण के लिए एक गैर-सरकारी संगठन, सेंटर फॉर सस्टेनेबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट (सीएसईई) के साथ सहयोग किया है।

इस क्षेत्र में हासिल की गई कुछ प्रमुख उपलब्धियों में, मछुआरों के लिए एक पायलट सौर नाव का विकास और उसे चलाना शामिल है। पीवी मॉड्यूल, बैटरी, चार्ज कंट्रोलर, मोटर और फाइबर बोट जैसे प्रमुख उपकरणों का डिजाइन कार्य और खरीद की जा चुकी है। मोटर, पीवी मॉड्यूल और बैटरी का एनआईएसई में परीक्षण किया गया है और उप्पाडा बंदरगाह में फाइबर बोट निर्माण कार्य पूरा हो गया है. वर्तमान में प्रदर्शन स्थल पर सिस्टम एकीकरण, फील्ड परीक्षण और प्रदर्शन सत्यापन किया जा रहा है।

****